मध्यावधि में ट्रंप पर गहराया संकट

अमेरिकी चुनाव में भारतीय-अमेरिकियों का झुकाव डेमोक्रेट्स की ओर

वाशिंगटन, 8 सितम्बर(एजेंसी). अमेरिका में 3 नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनाव से पहले भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं का रुझान डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवारों की ओर दिखाई दे रहा है.

एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण के मुताबिक, भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं में 66 प्रतिशत प्रतिनिधि सभा और 66 प्रतिशत सीनेट चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों को वोट देने की बात कह रहे हैं. इसके मुकाबले प्रतिनिधि सभा चुनाव में 18 प्रतिशत और सीनेट चुनाव में 22 प्रतिशत भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं ने रिपब्लिकन उम्मीदवारों का समर्थन किया.

सर्वेक्षण में 2,066 पंजीकृत मतदाताओं से बातचीत की गई. इनमें 1,896 एशियाई अमेरिकी, 242 भारतीय-अमेरिकी और 170 प्रशांत द्वीपसमूह के मतदाता शामिल थे. 90 प्रतिशत से अधिक एएपीआई मतदाताओं ने नवंबर के मध्यावधि चुनाव में मतदान करने की योजना जताई है. भारतीय-अमेरिकी समुदाय के मतदान रुझान के साथ-साथ चुनावी मुद्दे भी महत्वपूर्ण हैं. एशियाई अमेरिकी मतदाताओं के बीच जीवन-यापन की लागत और महंगाई सबसे बड़ा मुद्दा बनकर सामने आई है. 90 प्रतिशत मतदाताओं ने इसे मतदान का फैसला लेते समय बहुत या बेहद महत्वपूर्ण बताया. इसके बाद स्वास्थ्य सेवा को 82 प्रतिशत, रोजगार और बेरोजगारी तथा सामाजिक सुरक्षा और मेडिकेयर को 80-80 प्रतिशत और शिक्षा को 79 प्रतिशत मतदाताओं ने महत्वपूर्ण मुद्दा माना.

सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि दोनों प्रमुख राजनीतिक दल एएपीआई मतदाताओं तक अपेक्षित स्तर पर नहीं पहुंच पाए हैं. 42 प्रतिशत मतदाताओं ने कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी ने उनसे संपर्क नहीं किया, जबकि 58 प्रतिशत ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ने भी उनसे संपर्क नहीं किया. इसके बावजूद मतदान को लेकर समुदाय में मजबूत इच्छा दिखाई दी है. एशियाई अमेरिकी देश के सबसे तेजी से बढ़ते मतदाता समूहों में हैं, इसलिए यह समझना महत्वपूर्ण है कि उन्हें मतदान के लिए कौन से मुद्दे प्रेरित कर रहे हैं. 2026 में करीब 1.6 करोड़ एशियाई-अमेरिकी और प्रशांत द्वीपसमूह मूल के नागरिक मतदान के पात्र होंगे, जिनमें करीब 16 लाख ऐसे मतदाता हैं जो 2022 के बाद पात्र हुए हैं.

एच-1 बी वीजा पर नए शुल्क का राष्ट्रपति ने किया समर्थन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लेबर डे के मौके पर एच-1बी वीजा याचिकाओं पर प्रस्तावित नए शुल्क का समर्थन किया है. उन्होंने कहा कि इससे अमेरिकी कंपनियां विदेशों से कर्मचारियों की तलाश करने से पहले योग्य अमेरिकी नागरिकों को नियुक्त करने और उन्हें प्रशिक्षित करने पर ध्यान देंगी. ट्रंप ने लेबर डे घोषणा में कहा कि अमेरिकी कर्मचारियों की भर्ती और प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के लिए एच-1 बी वीजा याचिकाओं पर नया शुल्क प्रस्तावित किया गया है. इसका उद्देश्य कंपनियों को विदेशों से श्रमिकों को लाने से पहले अमेरिका में उपलब्ध योग्य लोगों में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करना है. एच-1बी वीजा कार्यक्रम का इस्तेमाल अमेरिका की टेक्नोलॉजी कंपनियों समेत कई नियोक्ता उच्च कौशल वाले विदेशी पेशेवरों को नियुक्त करने के लिए करते हैं. भारतीय नागरिक लंबे समय से एच-1बी वीजा के सबसे बड़े लाभार्थी समूह रहे हैं. इसलिए इस कार्यक्रम में होने वाला कोई भी बदलाव भारत और अमेरिका में रहने वाले भारतीय पेशेवरों के बीच खास तौर पर देखा जाता है.

शुद्धिकरण के मामले में पहली एफआईआर दर्ज

नई दिल्ली. हल्द्वानी के रामलीला मैदान में खरगे रैली के बाद हुए शुद्धिकरण मामले में महिला अधिवक्ता अंजू की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने हवल करने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है. आरोप है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खरगे की शंखनाद रैली के बाद कुछ लोगों ने रामलीला मैदान में शुद्धिकरण हवन कराया. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एससी समाज से आते हैं और हवन करके जातिगत भावनाओं को आहत किया गया. है. मामले में महिला अधिवक्ता अंजू ने 15 अगस्त को तहरीर दी थी.

दिल्ली बनेगा ग्लोबल सेंटर स्टेज

12-13 सितंबर को तमाम देशों के नेताओं का लगेगा जमावड़ा

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 8 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 और 13 सितंबर 2026 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में 18वें ब्रिक्स लीडर्स समिट की मेजबानी करेंगे.



यह समिट समूह की स्थापना के दो दशक पूरे होने का जश्न मनाने के साथ-साथ विस्तारित ब्रिक्स के लिए पहली बड़ी नेताओं की बैठक होगी. इससे एक दिन पहले 11 सितंबर को उसी स्थान पर बिजनेस फोरम और वीमेंस बिजनेस अलायंस का सत्र भी आयोजित होगा. भारत पहले ही देश भर के 25 से अधिक शहरों में 350 से ज्यादा ब्रिक्स से जुड़ी बैठकें और उच्च स्तरीय संवाद आयोजित कर चुका है. भारत की 2026 अध्यक्षता का केंद्रीय थीम है 'बिल्डिंग फॉर रेजिलिएंस, इनोवेशन, कोऑपरेशन एंड सस्टेनेबिलिटी, जो 'ह्यूमैनिटी फर्स्ट' के विजन को दर्शाता है. चर्चा का फोकस व्यापार, डिजिटल तकनीक, वित्त, ऊर्जा सुरक्षा और वैश्विक शासन सुधार में अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने पर रहेगा. समिट में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के आने की पुष्टि हो चुकी है. चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भी शामिल होने की उम्मीद है. उनका यह दौरा 2019 में ममल्लापुरम में पीएम मोदी के साथ अनौपचारिक मुलाकात के बाद पहला भारत दौरा होगा, जिससे द्विपक्षीय वार्ता भी कूटनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हो जाएगी. अन्य प्रमुख नेताओं में दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा, मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन, इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली, बेलारूस के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर लुकाशेंको, कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव, मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और थाईलैंड के प्रधानमंत्री अनुतिन चार्नविराकुल शामिल हैं.

यूएस के रवैए से ईरान ने बदली रणनीति

- अब खतरे से पहले ही सेना करेगी दुश्मन पर हमला
- अमेरिकी सेना के हमले नहीं थमने पर बढ़ी चिंता

तेहरान, 8 सितंबर. (एजेंसी) ईरान ने अमेरिका और इजराइल के साथ जारी युद्ध के बीच अपनी सैन्य रणनीति में बदलाव के संकेत देते हुए कहा है कि वह किसी भी संभावित खतरे के पैदा होने से पहले ही उसके खिलाफ कार्रवाई करेगा.

ईरान के सरकारी मीडिया ने बेहतर क्षमताओं वाली एक बैलिस्टिक मिसाइल का हवाला देते हुए इसे देश की रक्षा रणनीति में ''निर्णायक मोड़'' बताया.सरकारी टेलीविजन पर एक दिन पहले प्रसारित ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख मोहसिन रेजाई की टिप्पणियों का बार-बार हवाला दिया गया. रेजाई ने ईरान की नयी मिसाइल क्षमता का दावा किया था और कहा था कि इसका एक अमेरिकी युद्धपोत के खिलाफ ''परीक्षण'' किया गया है.

यह स्पष्ट नहीं था कि जिस मिसाइल का परीक्षण किए जाने की बात कही गई, वह वही ठोस ईंधन वाली 'कासेम बसीर' मिसाइल थी, जिसका सोमवार की रिपोर्ट में जिक्र किया गया. ईरान ने अमेरिकी युद्धपोतों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी थीं और इसके जवाब में अमेरिका ने तीन ईरानी तेल टैंकरों को निशाना बनाया. हाल के दिनों में ईरान की ओर से दिए जा रहे बयानों में अधिक आक्रामक रुख देखने को मिला है. सोमवार की रिपोर्ट में कहा गया कि 'कासेम बसीर' ईरान की रक्षा रणनीति में ''एक निर्णायक मोड़'' है.

हिमंता की योजनाओं पर सुको का अड़ंगा

असम में शिक्षकों की नियुक्ति पर लगाई रोक

नवभारत न्यूज नेटवर्क

नई दिल्ली, 8 सितम्बर. सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार और उसके शिक्षा विभागों को निर्देश दिया. कोर्ट ने कहा कि वे राज्य में सरकारी स्कीम के तहत स्कूलों और कॉलेजों में शिक्षकों की नियुक्ति या उन्हें शामिल न करें.

वेंचर शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों और कर्मचारियों को सरकारी सेवा में शामिल करने की कानूनी योजना के तहत, राज्य सरकार तय वेतन और ग्रेच्युटी, पेंशन व छुट्टी के बदले नकद भुगतान (लीव एनकैशमेंट) की देनदारियों को अपने ऊपर ले लेती है. ये भुगतान राज्य सरकार के कर्मचारियों के लिए लागू मौजूदा नियमों के अनुसार किए जाते हैं.मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और वी मोहना की पीठ ने जनहित याचिका के याचिकाकर्ताओं राजेश चौहान और माधव मुकुंद पुजारी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता रंजीत कुमार की दलीलों पर ध्यान दिया.

जनहित याचिका में प्रांतीयकरण (प्रोविंशियलाइजेशन) ढांचे को इस आधार पर चुनौती दी गई थी कि यह कथित तौर पर निष्पक्ष, पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी भर्ती प्रक्रिया के बिना सरकारी सेवाओं में प्रवेश की अनुमति देता है. याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया है कि इस तरह का तंत्र असंवैधानिक है. संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 का उल्लंघन करता है, जो सार्वजनिक रोजगार के मामलों में कानून के समक्ष समानता और अवसर की समानता की गारंटी देते हैं. याचिका में खास रूप से असम शिक्षा अधिनियम, 2017 के उन प्रावधानों को चुनौती दी गई है, जिनमें ऐसे व्यक्तियों के प्रांतीयकरण की अनुमति दी गई है.

आज का इतिहास

- 1791- अमेरिका की राजधानी का नामकरण राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन के नाम पर वाशिंगटन रखा गया.
- 1915- प्रसिद्ध भारतीय क्रांतिकारी यतिन्द्रनाथ सान्याल और अंग्रेजों के बीच उड़ीसा के काप्टेवाड़ा में संघर्ष.
- 1920- अलीगढ़ का एंग्लो ओरिएंटल कॉलेज अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय में रूपांतरित हो गया.
- 1922- तुर्की की सेनाओं ने ग्रीक सेना का पीछा करते हुए इज़मिर में प्रवेश किया.
- 1924- कोवाइ हवाई में हनेपेप नरसंहार हुआ.

महिला के घर में घुसना और कपड़े उठाना रेप नहीं-रांची. दुष्कर्म से जुड़े एक मामले में झारखंड उच्च न्यायालय ने अहम टिप्पणी की है.

सांप के काटने से मौत पर एनएचआरसी सख्त

नईदिल्ली. सांप के काटने से हुई मौतों के दो अलग-अलग मामलों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सख्त रुख अपनाया है. आयोग के प्रियंक कानूनगो की अध्यक्षता वाली बेंच ने इन मामलों का संज्ञान लेते हुए सांप के काटने की रोकथाम और इलाज की व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अहम निर्देश जारी किए हैं.

नशे पर सवाल की कीमत जान

पंजाब में मंत्री से प्रश्न करने के बाद मिलने लगीं धमकियां

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

संगरूर, 8 सितम्बर. गांव तूरबंजारा में पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री के समागम के दौरान नशे का मुद्दा उठाने वाले व्यक्ति ने कथित तौर पर धमकाने से आहत होकर सल्फास निगलकर आत्महत्या कर ली.

पीड़ित के परिवार ने गांव की सरपंच के पति सहित चार व्यक्तियों पर धमकाने व माफी मांगने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है. डीएसपी रूपिंदर कौर बाजवा ने कहा कि पीड़ित परिवार के बयान के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी. इससे पहले गांव शेरों में मुख्यमंत्री के समागम दौरान काला झंडा दिखाने वाले मोहनजीत सिंह शेरों को भी पुलिस की तरफ से कथित तौर पर टार्चर करने का आरोप लगा था. गांव तूरबंजारा निवासी पीड़ित के भाई बिक्कर सिंह व जसवीर सिंह ने बताया कि गत रविवार उनके गांव में एक वरिष्ठ मंत्री का कार्यक्रम था.

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. पन्ना (म.प्र.)

क्र.712/स्था./2026 दिनांक 07/09/2026

वार्षिक आमसभा सूचना

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. पन्ना के समस्त अंशधारी सदस्य, समितियों एवं उनके बैंक प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि बैंक की वर्ष 2025-26 की 64 वीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 12/09/2026 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से बैंक मुख्यालय पन्ना में आयोजित की जा रही है जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। निर्धारित समय पर गणपूर्ति के अभाव में बैठक आधे घंटे के लिये स्थगित की जावेगी उसके उपरांत उसी स्थान पर निर्धारित विषय सूची पर पुनः बैठक प्रारंभ होगी जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी। विषय सूची बैंक कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है।

मुख्य कार्यापालन अधिकारी
जिला सह. केन्द्रीय बैंक मर्या. पन्ना

कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या0 गुमानगंज जिला यूनियन उत्तर वनमंडल पन्ना म0प्र0

क्रमांक / ते0प0आमसभा / 2026 / .... दिनांक 06.09.2026

// वार्षिक साधारण सभा //

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या0 गुमानगंज के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति कि वर्ष 2025-26 की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 19/09/2026 को 12:30 बजे दिन में स्थान ग्राम पंचायत भवन देवराभापतपुर में आयोजित की जावेगी। अतः सभी सदस्यगणों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि समय व स्थान पर उक्त बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूची - गत आमसभा की बैठक की कार्यवाही का अवलोकन कर पुष्टि करना। वर्ष 2025-26 के वितीय पत्रक का अवलोकन करना। वर्ष 2025-26 में हुये व्ययों का अनुमोदन। वर्ष 2026-27 के लिये प्रस्तावित बजट का अवलोकन कर अनुमोदन। समिति के वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षक की नियुक्ति के संबंध में विचार। समिति के अंकेक्षण की स्थिति का अवलोकन करना। अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

प्रबंधक
प्रा0व0नो0 सह0 समि0 मर्या0,गुमानगंज जिला पन्ना म0प्र0

कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या0 सब्दुआ जिला यूनियन उत्तर वनमंडल पन्ना म0प्र0

क्रमांक / ते0प0समिति / 2026 / .... दिनांक 07.09.2026

// वार्षिक साधारण आमसभा //

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या0 सब्दुआ के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति कि वर्ष 2025-26 की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 20/09/2026 को 12:30 बजे दिन में स्थान नवीन ग्राम पंचायत भवन सब्दुआ में आयोजित की जावेगी। अतः सभी सदस्यगणों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि समय व स्थान पर उक्त बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूची - गत आमसभा की बैठक की कार्यवाही का अवलोकन कर पुष्टि करना। वर्ष 2025-26 के वितीय पत्रक का अवलोकन करना। वर्ष 2025-26 में हुये व्ययों का अनुमोदन। वर्ष 2026-27 के लिये प्रस्तावित बजट का अवलोकन कर अनुमोदन। समिति के वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षक की नियुक्ति के संबंध में विचार। समिति के अंकेक्षण की स्थिति का अवलोकन करना। अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

प्रबंधक
प्रा0व0नो0 सह0 समि0 मर्या0,सब्दुआ जिला पन्ना म0प्र0

कार्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या0 भापतपुर कुर्मियान जिला यूनियन उत्तर वनमंडल पन्ना म0प्र0

क्रमांक / ते0प0आमसभा / 2026 / दिनांक - 10.09.2026

// वार्षिक साधारण सभा //

प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति मर्या0 भापतपुर कुर्मियान के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की वर्ष 2025-26 की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 23/09/2026 को 12:30 बजे दिन में समिति कार्यालय भापतपुर कुर्मियान में आयोजित की जावेगी। अतः सभी सदस्यगणों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि समय व स्थान पर उक्त बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

विषय सूची - गत आमसभा की बैठक की कार्यवाही का अवलोकन कर पुष्टि करना। वर्ष 2024-25 के वितीय पत्रक का अवलोकन करना। वर्ष 2025-26 में हुये व्ययों का अनुमोदन। वर्ष 2026-27 के लिये प्रस्तावित बजट का अवलोकन कर अनुमोदन। समिति के वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षक की नियुक्ति के संबंध में विचार। समिति के अंकेक्षण की स्थिति का अवलोकन करना। अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

प्रबंधक
प्रा0व0नो0 सह0 समि0 मर्या0,भापतपुर कुर्मियान जिला पन्ना म0प्र0

जाहिर आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा डैनिहा(वार्ड क्रमांक 19),तहसील-गोपदबनास,जिला-सीधी(म.प्र.) स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 111/1/1/1,रकबा 0.841 हेक्टेयर में श्री नागेन्द्र सिंह,श्री उपेन्द्र सिंह, श्रीमती प्रेमादेवी पति/पुत्री श्री जीवेंद्र सिंह,श्रीमती कैलासु देवी,श्री संतोष सिंह पति/पुत्र श्री चतुर सिंह तथा श्री मुकुटधारी सिंह पुत्र श्री झलर सिंह एवं अन्य का स्वत्व/अधिकार राजस्व अभिलेखों में दर्ज था। उक्त भूमि के सह-भूमिस्वामी श्री संतोष सिंह द्वारा अपने विधि-सम्मत स्वत्व एवं हिस्से में से 1400 वर्गफुट भूमि श्रीमती ममता चौरसिया w/o रामलाल चौरसिया के पक्ष में पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक MP418412020A1252503 दिनांक 03/06/2020 के माध्यम से विक्रय की गई। उक्त विक्रय विलेख उप-पंजीयक कार्यालय,सीधी में विधिवत निष्पादित एवं पंजीकृत किया गया।

उक्त विक्रय के पश्चात क्रेता के पक्ष में नामांतरण,भूमि व्यपवर्तन एवं परिमार्जन की कार्यवाही संपादित की गई तथा उक्त भूमि का नवीन सर्वे क्रमांक 111/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/1/2 क्रेता के पक्ष में अभिलिखित किया गया। उक्त क्रय की गयी संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति,संस्था,निकाय अथवा अन्य हितधारक का कोई दावा, आपत्ति, अधिकार,हित,बंधक अथवा अन्य भार हो,तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 07 (सात) दिवस के भीतर संबंधित दस्तावेजों सहित अपनी दावा/आपत्ति कार्यालयीन समय प्रातः10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक PNB Housing Finance Ltd.(PNBHFL) ,शाखा सीधी,मो. 6261335380 अथवा अधिवक्ता,चेम्बर नं.103-A ,जिला न्यायालय, सीधी,मो. 9179636101 के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है। निर्धारित अवधि में कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त संपत्ति को निर्विवाद एवं भारमुक्त मानते हुए PNBHFL द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक स्वीकार कर ऋण संबंधी कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त दावे/आपत्ति पर विचार किया जाना आवश्यक नहीं होगा।

स्थान-SIDHI दिनाक -09/09/2026

भवदीय
सुजीत सिंह एडवोकेट
चेम्बर न.103 जिला न्यायालय सीधी
जिला सीधी(म.प्र.) मो.9179636101

CHANGE OF NAME

I, DHANU DEVI (Existing Name of spouse as per Service Records), spouse of Army no.2956557F Rank NAIK CHHOTE LAL SHARMA (Name of husband), resident of VILLAGE-BAGHA -POST-BAGHA TEHSIL-RAGURAJNAGAR-DISTRICT-SATNA-(M.P)PINCODE 485001. (Address), have changed my name from DHANU DEVI To (Existing Name of spouse as per Service Records) to DHUNNU DEVI PATHAK (Proposed/Adopted New Name) vide Affidavit dated 07-09-2026 (date of the Affidavit in DDMMYYYY format) at Satna (Place).

नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीकांत कुशवाहा, पिता श्री जयकरण प्रसाद कुशवाहा, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 04, ग्राम/पोस्ट पिथौराबाद, तहसील उचेहरा, जिला सतना (म.प्र.), एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरी पुत्री का नाम उसके आधार कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, जाति प्रमाण-पत्र एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में "दीपाली कछवाह" अंकित है। उसका सही नाम "दीपाली कुशवाहा" है, जो लाड़ली लक्ष्मी योजना के अभिलेख में दर्ज है। "दीपाली कछवाह" एवं "दीपाली कुशवाहा" एक ही व्यक्ति हैं। अतः भविष्य में मेरी पुत्री का नाम सभी प्रयोजनों एवं अभिलेखों में "दीपाली कुशवाहा" के रूप में जाना एवं दर्ज किया जाए।

श्रीकांत कुशवाहा, पिता श्री जयकरण प्रसाद कुशवाहा, वार्ड नं. 04, ग्राम/पोस्ट पिथौराबाद, तहसील उचेहरा, जिला सतना (म.प्र.)

नाम परिवर्तन सूचना

मै घोषणा करता हूँ कि मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम NARESH CHANDRA AGARWAL लिखा था जिसे मै बदल (सुधार) कर अब अपना नया नाम NARESH AGARWAL S/O MUNNU LAL AGARWAL कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम NARESH AGARWAL S/O MUNNU LAL AGARWAL के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता-ATULYAM WARD NO.01 AMOUDHA KALA, PANNA ROAD, OPP. CITY CARS, PO.SATNA, RAGHURAJNAGAR, SATNA (M.P.) है।

न्यायालय-प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, जिला सिंगरौली मुख्यालय बैढ़न म.प्र.

अनावेदक को सूचना

मध्यप्रदेश कुटुम्ब न्यायालय अधिनियम, 1988 के नियम 9(3) के अंतर्गत

प्रो.क्र. 351/26 प्र.क्र. RCSHM-139/26

दीपक कुमार गुप्ता, नीतू गुप्ता बनाम हर आम व खास प्रति.

हर आम व खास

आवेदक/आवेदिका दीपक कुमार गुप्ता व नीतू गुप्ता के द्वारा धारा 13 बी. हि.वि.अधि. के अंतर्गत याचिका प्रस्तुत की गई है। अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप दिनांक 10/09/26 को प्रातः 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित रहें और मामले के सौहार्दपूर्ण समाधान के बारे में तथ्य प्रकट करें। इस याचिका के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति है तो उक्त दिनांक को न्यायालय के समक्ष साक्ष्य के साथ प्रस्तुत करें। आज दिनाक 02/09/26 को न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

न्यायालय की मुद्रा

पी.के. सेन
प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय मुख्यालय
बैढ़न जिला-सिंगरौली (म.प्र.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग मऊगंज जिला मऊगंज (म0प्र0)

देवेन्द्र शुक्ला पिता सुशील कुमार शुक्ला सा0 मिसिरगवां काटन तहसील मऊगंज जिला मऊगंज म0प्र0 ... **आवेदकगण**

बनाम

लालता प्रसाद मिश्रा पिता रामेश्वर प्रसाद मिश्रा सा0 मजरा ऊची मऊगंज रीवा म0प्र0

......**अनावेदकगण**

समाचार पत्र के माध्यम से एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि अनुविभागीय अधिकारी मऊगंज के न्यायालय में आवेदक देवेन्द्र शुक्ला तनय सुशील कुमार शुक्ला सा0 मिसिरगवां काटन तहसील मऊगंज के द्वारा इस न्यायालय में म0प्र0 वासस्थान दखलकार अधिनियम 1980 की धारा 05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। जो दिनांक 29.9.26 को सुनवाई हेतु नियत है।

अतः अनावेदक या अन्य हितबद्ध पक्षकार को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में नियत दिनांक 29.9.26 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करे। नियत तिथि पर उपस्थित न होने पर उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग मऊगंज जिला मऊगंज (म0प्र0)

नाम सुधार

मै प्रेमवती देवी पति छोटेलाल बसोर उम्र 60 वर्ष, निवासी ग्राम देवरा तहसील बरगवाँ, जिला सिंगरौली (म0प्र0) की निवासी हूँ। मै यह शपथ पत्र दस्तावेज मे भिन्नता है उसे सुधार करवाने के लिए प्रस्तुत कर रही हूँ। मै शपथपूर्वक सत्य सत्य कथन करती हूँ कि प्रथम नाम परतिया देवी बसोर एवं द्वितीय नाम प्रेमवती देवी पति स्व0 छोटेलाल बसोर है जिसमे इंडियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा बरगवां मे परतिया देवी बसोर के नाम खाता खोला गया है जिसका खाता क्रमांक 22183172718 है। मै शपथपूर्वक सत्य सत्य कथन करती हूँ कि दोनो नाम मेरी ही है जिसमे वर्तमान खाता क्रमांक को प्रेमवती देवी के नाम परिवर्तन किया जाए, जिस हेतु शपथ पत्र दे रही हूँ। जो सही एवं सत्य है।

कार्यालय नगर परिषद् चित्रकूट जिला- सतना (म0प्र0)

cmochitrakoot@murhan.gov.in Phone: 07670-265329

CURITIUIEDA 1809001: 2015. 15014001:2015

क्र0 / न0प0 , मेला / 2922/2026 चित्रकूट दिनांक. 22/8/2026

:: तृतीय निविदा सूचना ::

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर परपिद चित्रकूट द्वारा ई-टेंडिंग के माध्यम से तालिका में वर्णित कार्य हेतु चित्रकूट क्षेत्रान्तर्गत आयोजित होने वाली अमावस्या एंव अन्य पर्व में लगाई जाने वाली किराये की सामग्री हेतु ऑन लाइन निविदा आमंत्रित की जाती है इच्छुक पंजीकृत फर्म / ठेकेदार नियत तिथि एंव समय में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदायें प्रस्तुत कर सकते है निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाइट http://mpter ders.gov.in पर देखा जा सकता है निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा ।

क्र.	टेण्डर नं0	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा फार्म शुल्क	वित्तीय वर्ष
1.	2026_UAD_534636_1	किराये पर अस्थाई शौंचालय एंव मूत्रालय टीन शेड कवर्ड सहित ।	500000	5000.00/-	2000.00/-	वित्तीय वर्ष 2026-27
2	2026_UAD_534636_2	एफ.आर.पी.(पी.वी.सी.) शौंचालय	1300000	9750.00/-	2000.00/-	वित्तीय वर्ष 2026-27

शर्ते-:

1. विस्तृत निविदा सूचना एंव जानकारी वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है ।
2. उक्त कार्य के निविदा प्रपत्र दिनांक 09.09.2026 समय 10.30 बजे से दिनांक 16.09.2026 को समय 17.30 बजे तक ऑनलाइन सार्वजनिक अवकाश दिवस को छोडकर प्राप्त कर सकते है ।
3. निविदा समस्त शर्ते निविदा प्रपत्र अनुसार होगी ।सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी ।
4. सम्पूर्ण दरें जी.एस.टी. छोडकर प्रस्तुत की जावें ।
5. किराये में लगने वाली सामग्री गुणवत्ता पूर्ण एंव समय सीमा में उपलब्ध कराया जाना होगा ।
6. सभी निविदाकरों को समस्त आईटमों में दर प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
7. जिस संविकार की L1 में दर प्राप्त होगी उसी संविदाकार से अनुबंध निस्पादित किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् चित्रकूट ,जिला- सतना (म0प्र0)

कार्यालय नगर पालिका परिषद सीधी, जिला-सीधी (म.प्र.)

एन.आई.टी. क्रमांक 4345/ई टेंडरिंग/ सीधी, दिनांक 7.9.2026

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_534047_1 दिनांक 07.09.2026	वार्ड क्रमांक 05 में नैना आप्टिकल से आनंद पैलेस तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	(1) 02 माह (2) 10.17 लाख	(1) 2000.00 (2) 7624.00	07.10.2026
2	2026_UAD_534048_1 दिनांक 07.09.2026	वार्ड क्रमांक 08 में वैद्यनाथ जायसवाल के घर से बीरेन्द्र सिंह चैहान एवं अनिल प्रताप सिंह के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	(1) 02 माह (2) 14.90 लाख	(1) 2000.00 (2) 11176.00	07.10.2026
3	2026_UAD_534049_1 दिनांक 07.09.2026	वार्ड क्रमांक 07 में मधुरी डेम्हा पहुंच मार्ग (श्री भास्कर मिश्रा के घर के सामने) से शिवप्रसाद द्विवेदी (दीपू) के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	(1) 02 माह (2) 16.86 लाख	(1) 2000.00 (2) 12647.00	07.10.2026
4	2026_UAD_534050_1 दिनांक 07.09.2026	वार्ड क्रमांक 10 विभिन्न स्थानों में (मुख्य मार्ग, पी.एम.श्री स्कूल, नियर कृषि विज्ञान केन्द्र, नियर बलराम नगर आदि) में पेव्हर ब्लाक लगाए जाने का कार्य।	(1) 01 माह (2) 17.03 लाख	(1) 2000.00 (2) 12770.00	07.10.2026
5	2026_UAD_534051_1 दिनांक 07.09.2026	वार्ड क्रमांक 18 में लालता चैक से हनुमान मंदिर के पीछे से होते हुए पुरानी सब्जीमंडी पहुंच नाली तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	(1) 02 माह (2) 17.22 लाख	(1) 2000.00 (2) 12912.00	07.10.2026
6	2026_UAD_534052_1 दिनांक 07.09.2026	वार्ड क्रमांक 07 में जगन्नाथ सोंधिया के घर से शिवनाथ कोल के घर तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य।	(1) 02 माह (2) 19.09 लाख	(1) 2000.00 (2) 14315.00	07.10.2026
7	2026_UAD_534053_1 दिनांक 07.09.2026	वार्ड क्रमांक 07 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य।	(1) 06 माह (2) 20.99 लाख	(1) 5000.00 (2) 15746.00	07.10.2026
8	2026_UAD_534054_1 दिनांक 07.09.2026	वार्ड क्रमांक 21 के विभिन्न स्थानों में आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य।	(1) 03 माह (2) 28.53 लाख	(1) 5000.00 (2) 21397.00	07.10.2026
9	2026_UAD_534055_1 दिनांक 07.09.2026	वार्ड क्रमांक 09 गोपालदास मेन रोड से नाग मंदिर से लेकर न्यू बस स्टैण्ड तक डिवाईडर रेलिंग लगवाए जाने का कार्य।	(1) 03 माह (2) 33.59 लाख	(1) 5000.00 (2) 25193.00	07.10.2026

नोटः- निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाषन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीधी